**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–14.05.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **रांची में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गयी 100 फीट लंबी तिरंगा यात्रा, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, नेता प्रतिपक्ष बाबू लाल मरांडी समेत भाजपा के कई नेता हुए शामिल।**
2. **रांची में विश्व हिंदू परिषद ने घुसपैठ को बताया राष्ट्रीय सुरक्षा और वनवासी समाज से जुड़ा मुद्दा, केंद्रीय महामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य की सराहना की।**
3. **खूंटी में आज केंद्र की धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की हुई शुरुआत, शिक्षा–स्वास्थ्य समेत समग्र उत्थान पर रहेगा जोर।**
4. **हजारीबाग पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार, 5 किलो अवैध मादक पदार्थ किया जब्त।**

**और**

5. **खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, फुटबॉल बालक वर्ग में झारखंड ने ओडिशा को हराकर जीता स्वर्ण पदक, गुमला के साकेत मिंज ने 200 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक**

**और अब समाचार विस्तार से**

***************

रांची में भारतीय सेना के सम्मान में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर शहीद चौक से बिरसा मुंडा समाधि स्थल तक भूतपूर्व सैनिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने 100 फीट लंबी तिरंगा यात्रा निकाली। इस तिरंगा यात्रा में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह समेत कई नेता शामिल हुए। मौके पर प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने बताया कि आने वाले दिनों में तिरंगा यात्रा जिला, प्रमंडल और मंडल मुख्यालयों में भी निकाली जाएगी।

***************

रांची में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा ने घुसपैठ के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता जताते हुए इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और वनवासी समाज की संपत्ति से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन करते हुए कहा कि आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देना जरूरी है। साथ ही कहा कि पहलगाम की घटना के बाद भारतीय सेना के शौर्य पर संगठन गर्व महसूस करता है।

***************

खूंटी जिले में आज केंद्र सरकार की योजना **धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान** की शुरुआत हुई। मौके पर उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर शुरू यह अभियान वर्ष 2029 तक संचालित किया जाएगा और इसका उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में सामाजिक ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका का समग्र विकास करना है।

***************

टाटानगर पोस्ट ऑफिस में ड्यूटी के दौरान खुलेआम शराब पीने की घटना पर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के आदेश पर डाक विभाग ने नितेश कुमार, अमित कुमार ठाकुर और जितेन्द्र कुमार को निलंबित कर दिया, जबकि सूरज कुमार साहू को ड्यूटी से हटा दिया गया। विभाग ने इस प्रकार की अनुशासनहीनता को गंभीर सेवा उल्लंघन मानते हुए भविष्य में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की बात कही है।

***************

हजारीबाग पुलिस ने मंडई क्षेत्र में छापेमारी कर 5 किलो 395 ग्राम मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मोटरसाइकिल जांच के दौरान चतरा निवासी जितेंद्र कुमार और रांची निवासी हलधर मुंडा को रंगे हाथों पकड़ा गया।

***************

जामताड़ा जिले के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय तांबाजोर के छात्र–छात्राओं ने सीबीएसई 10वीं और 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 12वीं में श्रेया राय ने 93 दशमलव 6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया, जबकि 10वीं में दिशा मंडल ने 94 प्रतिशत अंक लाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर प्रीति सिंह ने छात्रों की सफलता को मेहनत और अनुशासन का परिणाम बताया।

***************

दक्षिण पूर्व रेलवे जोन टाटानगर स्टेशन के यात्रियों को एक और **वंदे भारत एक्सप्रेस** की सौगात मिलेगी। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***************

राज्य में बांग्ला भाषा और बांग्ला भाषियों के खिलाफ कथित कार्रवाई के विरोध में आज प्रदेशभर में बांग्ला भाषी समाज सड़कों पर उतरा और सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जमशेदपुर में भी विभिन्न संगठनों ने शिक्षा मंत्री के बयान और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलने की घटनाओं को लेकर विरोध जताया। झारखंड बांग्लाभाषी उन्नयन समिति के जिला महासचिव जूरान मुखर्जी ने कहा कि 19 मई से **बांग्ला जनजागरण अभियान** की शुरुआत की जाएगी, जो पंचायत स्तर तक पहुंचेगा।

***************

मौसम विभाग ने राज्य के 12 जिलों में भीषण गर्मी को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है, जिनमें गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, सरायकेला–खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं। साथ ही मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, कल से राज्य के पूर्वी और मध्यवर्ती क्षेत्रों में मौसम में बदलाव के संकेत हैं। इस दौरान हल्की से मध्यम बारिश, गर्जन और तेज हवाएं चल सकती हैं।

***************

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर 18 बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में गुमला के सिसई प्रखंड के स्प्रिंटर साकेत मिंज ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का नाम रौशन किया। बिहार में हुई इस प्रतियोगिता में साकेत ने 21 मिनट 54 सेकेंड में यह शानदार उपलब्धि हासिल की।

वहीं, फुटबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग के फाइनल मैच में झारखंड ने ओडिशा को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया है। यह मैच बेगूसराय के यमुना भगत स्टेडियम में खेला गया।

***************